卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त


हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 351 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦3 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## प्रथम नवरात्र




**नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की जाती है। प्रथम दिन घट स्थापना के साथ इनका विधि विधान से पूजा करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं।**

# 56 साल बाद घर पहुंचा बलिदानी का पार्थिव शरीर, श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग

चमोली(उद ब्यूरो)।थराली तहसील अंतर्गत कोलपुड़ी गांव के लापता सैनिक नारायण सिंह का पार्थिव शरीर 56 साल बाद अपने घर पहुंचा। इस दौरान लोगों ने नारायण सिंह अमर रहे के नारे लगाए। छह गनेडियर रुद्रप्रयाग की बटालियन ने पार्थिव शरीर को गौचर हेलीपैड पर सलामी दी। गौचर से पार्थिव शरीर को रुद्रप्रयाग ले जाया गया। जहां से गुरुवार को पार्थिव शरीर की थराली कोलपुड़ी में सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे की



पहाड़ियों के बीच वर्ष 1968 में हुए विमान हादसे में लापता थराली ब्लाक के कोलपुड़ी गांव निवासी जवान नारायण सिंह बिष्ट के पार्थिव शरीर के अवशेष सेना के विशेष विमान से बुद्धवार दोपहर बाद देहरादून से गौचर हवाई पट्टी लाए गए। इस मौके पर स्थानीय प्रशासन और रुद्रप्रयाग से पहुंची सेना की टुकड़ी ने बलिदानी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। गुरूवार को बलिदानी के पार्थिव शरीर के अवशेष कोलपुड़ी गांव स्थित उनके निवास पर पहुंचाए (शेष पृष्ठ सात पर)

# कमिश्नर ने लिया सड़क चौड़ीकरण का जायजा

## कुछ कार्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने नैनीताल रोड में सड़क चौड़ीकरण का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही कुछ कार्यालयों का औचक



निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने यूपीसीएल से विद्युत की लाइन और पोल जल्दी हटाने के निर्देश दिए ताकि सड़क चौड़ीकरण कार्य में तेजी (शेष पृष्ठ सात पर)

# छत से गिरकर युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बुधवार रात्रि शिमला बहादुर ट्रांजिट कैम्प में खाना खाकर छत पर टहल रहे एक व्यक्ति की अचानक दोमंजिल से नीचे गिर जाने से मौत हो गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार शिमला बहादुर ट्रांजिट कैंप निवासी 42 वर्षीय नरेश शर्मा पुत्र श्रीराम शर्मा मूल रूप से फतेहगंज पूर्वी बरेली यहां किरोदार के रूप में परिवार के साथ रहता था और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि गत रात्रि नरेश खाना खाकर छत पर टहल रहा था इसी दौरान वह असंतुलित होकर दोमंजिल से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लहूलुहान हालत में उपचार

## ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की जान गयी

किच्छा(उद संवाददाता)। लालकुआं कासगंज डाउन ट्रेन की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई जिससे मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलभट्टा पुलिस द्वारा रेलवे पुलिस की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पुलभट्टा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रात: वार्ड नंबर 19 प्राइमरी स्कूल के पीछे सिरौली कला निवासी कमर सैफी पुत्र उमर सैफी बंगाली कॉलोनी के पास रेलवे क्रॉसिंग से क्रॉस कर रहा था कि इसी बीच लालकुआं से कासगंज जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रीपेड विद्युत मीटर लगाने के खिलाफ सरकार का पुतला फूंका

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विद्युत वितरण व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने डीजीएम कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका और उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन के एमडी को ज्ञापन भेजकर प्रीपेड मीटर लगाये जाने की प्रक्रिया बंद करने की मांग की। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को तमाम कांग्रेसी डीजीएम कार्यालय के समक्ष एकत्र हुए। कांग्रेसियों ने विद्युत वितरण व्यवस्था को प्राईवेट हाथों में सौंपने और नगर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जाने की प्रक्रिया का विरोध करते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी के बीच सरकार का पुतला फूंका। इस दौरानकांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई से आम आदमी का जीना पहले ही दुश्वार हो चुका है। कमरतोड़ महंगाई में आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में सरकार लगातार विद्युत की दरें बढ़ाकर जनता की मुश्किलों को और बढ़ा रही है। एक तरफ सरकार बिजली पर सब्सिडी देने का ढोल पीट रही है दूसरी (शेष पृष्ठ सात पर)



# महिला अधिवक्ता और उसकी मां की जान खतरे में

■ हाईकोर्ट से प्रोटेक्शन के आदेश
■ पुलिस कर रही हीलाहवाली

काशीपुर(उद संवाददाता)। महिला अधिवक्ता तथा उसकी मां की जान खतरे में है। मां बेटी को किसी और से नहीं बल्कि अपनों से मौत का खतरा सता रहा है। हाई कोर्ट द्वारा पुलिस को सुरक्षा के निर्देश दिए जाने के बावजूद पुलिस न्यायालय के आदेशों को दरकिनार कर रही है। कोर्ट के निर्णय को नजअंदाज करने के कारण पीड़ित पक्ष अनहोनी की आशंका को लेकर भयभीत हैं। न्यायालय में प्रार्थना पत्र लेकर काशीपुर निवासी राजबाला वर्मा ने बताया कि ओम प्रकाश वर्मा अमित वर्मा राखी तथा श्रेया आए दिन उसके तथा उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज और मारपीट करते हैं। उसकी पुत्री शिवानी वर्मा पेशे से अधिवक्ता है। उसका विवाह हो चुका है लेकिन पिता और पुत्र अपनी ही बेटी बहन का घर संसार उजाड़ने पर तुले हुए हैं। मां बेटी पर अपनों ही द्वारा अश्लील तोहमत लगाए जा रहे हैं। आप है कि बीते 14 जुलाई को कलयुगी पति और भाई ने पत्नी और बहन को धक्के मारकर घर से निकाल दिया। दोनों आरोपी पीड़ित मां बेटी को पैतृक (शेष पृष्ठ सात पर)

# मांगों को लेकर कलैक्ट्रेट में गरजीं डाल्फिन की महिला श्रमिक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित डाल्फिन कम्पनी की महिला श्रमिक गुरूवार को कलैक्ट्रेट आ धमकी और उन्होंने विकास भवन के समक्ष कलैक्ट्रेट गेट पर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। इसकी भनक लगते ही एसपी सिटी मनोज कत्याल, एएसपी निहारिका तोमर, पंतनगर सीओ मनोज पाण्डे, पंतनगर थानाध्यक्ष मनोज रतूड़ी, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सहित तमाम पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व महिला पुलिस कर्मी मौके पर आ पहुंचे। जहां एसपी सिटी ने महिला श्रमिकों को बिना अनुमति धरना प्रदर्शन करने पर कानून का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि या तो सभी यहां से



चले जायें या सभी अपनी गिरफ्तारी दे दें। जिसके बाद सभी महिला श्रमिक वहां से रवाना हो गईं। इससे पूर्व प्रात: से ही डाल्फिन कम्पनी की आन्दोलित दर्जनों महिला श्रमिक कलैक्ट्रेट गेट पर एकत्रित हो गईं और फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगी। उनका कहना था कि फैक्ट्री प्रबंधन पिछले काफी समय से उनका उत्पीड़न कर रहा है। न तो उन्हें स्थाई नौकरी पर रख रहा है और न ही नियमानुसार बोनस व अन्य सुविधायें दे रहा है। उन्होंने बताया कि जब महिला श्रमिकों ने अपनी जायज आवाज उठाई तो फैक्ट्री प्रबंधन ने उन्हें नौकरी से ही निकाल दिया। अब उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक, पुलिस व विभागीय अधिकारी भी उनकी सुनवाई करने के स्थान पर फैक्ट्री प्रबंधन का पक्ष ले रहे हैं। महिला श्रमिकों के धरने प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, एएसपी निहारिका तोमर ,पंतनगर सीओ मनोज पाण्डे, पंतनगर थानाध्यक्ष मनोज रतूड़ी, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सहित तमाम पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व महिला पुलिस कर्मी मौके पर आ पहुंचे। एसपी सिटी ने आन्दोलित महिला (शेष पृष्ठ सात पर)

# शारदीय नवरात्र के शुभारम्भ पर मंदिरों में उमड़े भक्त

रूद्रपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। शारदीय प्रथम नवरात्र पर्व पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में प्रात: से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। उन्होंने मां को नारियल,चुनरी, ध्वज,पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित किया। मुख्य बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर में मां ज्वाला देवी से लाई गई पावन ज्योति को विराजमान किया गया है। जिसके दर्शन करने व आर्शीवाद लेने के लिए भक्तों को निरंतर तांता लगा हुआ है। आज मां के भक्तों द्वारा मंदिर से पावन ज्योति का अंश ग्रहण कर मंदिर में सजाकर मां के जयघोषों के साथ शोभायात्रा निकाल अपने आवासों में स्थापित किया। इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन भी आयोजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, (शेष पृष्ठ सात पर)



# देवभूमि रक्षा मंच ने फूंका पुलिस का पुतला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने आज पुलिस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए डीडी चौक पर पुलिस के पुतले को आग के हवाले कर दिया। रोषित कार्यकर्ताओं का आरोप है कि 29 अगस्त को गिरीश चंद्र पाण्डेय के आवास में घुसकर हमला एवं वलवा करने वाले हमलावरों के पक्ष में कोतवाली किच्छा पुलिस कार्य कर रही है। पीड़ित परिवार को हतोत्साहित करने वाले पुलिसकर्मी तथा पीड़ित परिवार को पलायन एवं समझौते के लिए दबाव बनाने वाले लालपुर पुलिस चौकी के सब इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके विरोध में उधम सिंह नगर पुलिस का पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रांत के नेतृत्व द्वारा उपरोक्त पर कार्यवाही न होने की दशा में आंदोलन तेज कर दिया जायेगा। जिसमे 9 अक्तूबर को जिले के अन्य स्थानों पर उधम सिंह नगर पुलिस का पुतला दहन करेंगे, 14 अक्तूबर को पूरे प्रदेश में प्रत्येक जिले में उधम सिंह नगर पुलिस का पुतला दहन होगा। जिसके बाद 18 अक्तूबर से पूरे प्रांत में पीड़ित को न्याय न मिलने के विरोध में लोगों के घरों पर काले झंडे लगाकर विरोध दर्ज कर सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार किया जाएगा और पूरे घटनाक्रम की जानकारी उत्तराखंड के जन सामान्य तक पहुंचाई जाएगी कि कैसे (शेष पृष्ठ सात पर)



# राज्य की जीएसडीपी में हुई 1.3 गुना वृद्धि

## सरकार की नई नीतियों से वर्क पॉपुलेशन रेशियो में महिलाओं की भागीदारी और रोजगार के अवसर बढ़ रहे : सुंदरम



देहरादून(उद संवाददाता)। सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने बुधवार को मीडिया सेंटर सचिवालय में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 2022 में आगामी 05 वर्षों में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया। राज्य की जी.एस.डी.पी में पिछले 20 माह में 1.3 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय 2021-22 में 02 लाख 05 हजार रूपए थी 2023-24 में यह बढ़कर 02 लाख 60 हजार रूपये हो गई है। पिछले दो सालों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर दो सालों में प्रतिव्यक्ति आय 01 लाख 50 हजार 906 रूपए से बढ़कर 01 लाख 84 हजार रूपए हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रति व्यक्ति आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने जानकारी दी कि भारत सरकार के पी.एल.एफ. सर्वेक्षण के अनुसार राज्य का 2022-23 में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 15 से 29 आयु वर्ग में 43.7 प्रतिशत था जो 2023-24 में बढ़कर 49 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार राज्य का वर्क पॉपुलेशन रेशियो 37.5 प्रतिशत से बढ़कर 44.2 प्रतिशत हो गया है। 15 से 59 आयु वर्ग में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 60.1 से बढ़कर 64.4 प्रतिशत और वर्क पॉपुलेशन रेशियो 57.2 से बढ़कर 61.2 प्रतिशत हो गया है। राज्य में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 56 से बढ़कर 60.7 प्रतिशत और वर्क पॉपुलेशन रेशियो 53.5 से बढ़कर 58.1 हो गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्क पॉपुलेशन रेशियो में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 15 से 29 आयु वर्ग में यह 26.1 प्रतिशत से बढ़कर 32.4 प्रतिशत और 15 से अधिक आयु वर्ग में 37 प्रतिशत से बढ़कर 43.7 प्रतिशत हुई है। राज्य में लखपति दीदी योजना और महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने की वजह से भी महिलाओं के वर्क पॉपुलेशन रेशियो में वृद्धि हुई है। राज्य में 15 से 29 आयु वर्ग में बेरोजगारी दर में कमी आई है।सचिव डॉ.आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि वर्ष 2022-23 में राज्य का बेरोजगारी दर 14.2 प्रतिशत था जो 2023-24 में घटकर 9.8 प्रतिशत रह गई है। उत्तराखण्ड में एक साल में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य सरकार की नई नीतियों और पुरानी नीतियों में संशोधन व रोजगार और स्वरोजगार के लिए चलाये गये कार्यक्रमों से भी जीएसडीपी में वृद्धि हुई है। राज्य में पर्यटन, विनिर्माण क्षेत्र और सरकारी नौकरियों में लोगों को अधिक रोजगार मिला है। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी, सी.पी.जी.जी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मनोज पंत उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत 174 मेगावाट की परियोजनाओं पर कार्य गतिमान

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, उत्तराखण्ड में ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसी विषय में सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया है कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना की गाइडलाइन में संशोधन के बाद इस योजना के प्रति लोगों की तेजी से रूचि बढ़ी है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में भी कहा था कि सौर ऊर्जा के माध्यम से न केवल राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, बल्कि युवाओं और ग्रामीणों को अपने गांवों में रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत 174 मेगावाट की परियोजनाओं पर कार्य गतिमान है। इस योजना के तहत टिहरी, उत्तरकाशी और चम्पावत जिला में काफी अच्छा कार्य हो रहा है। मोरी तहसील के कुकरेड़ा गांव में सोलर के साथ अदरक की खेती का कार्य भी हो रहा है। एक ही भूमि का दो तरीके से सदुपयोग किया जा रहा है।सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत राज्य में आवेदनों के डिस्पोजल रेट के हिसाब से उत्तराखण्ड देश में पहले नम्बर पर है। इस योजना में भी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना के तहत सब्सिडी दी जा रही है। आगामी दो-तीन साल में राज्य के सभी शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप लगाये जायेंगे।उन्होंने बताया कि राज्य में स्मॉल हाईड्रो पावर पॉलिसी भी संशोधित की गई है, इसके तहत छह प्रोजेक्ट में निविदा की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त कुल 19 प्रोजेक्ट और पाइपलाइन में हैं। उन्होंने बताया कि इन्वेस्टर समिट के दौरान भी स्मॉल हाइड्रो प्रोजेक्ट को लेकर कंपनियों ने रूचि दिखाई।राज्य में पंपड स्टोरेज प्लांट पॉलिसी भी बनाई गई है। इसमें इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत दिल्ली में हुए रोड शो में जेएसडब्लू ग्रुप ने अपनी रूचि दिखाई थी। कंपनी ने उस समय ध्15 हजार करोड़ का एमओयू हस्ताक्षरित किया था, जिसमें से ध्8 हजार करोड़ के इन्वेस्टमेंट प्रपोजल की फाइल स्वीकृति हो चुकी है और बहुत ही जल्द उसके अलॉटमेंट आर्डर एक समारोह में प्रदान किए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट अल्मोड़ा में प्रस्तावित है। इसके अलावा अन्य कंपनियों ने भी पंपड स्टोरेज प्लांट में अपनी रूचि दर्शायी है।

# प्रदेशभर में 16 लाख घरों पर लगेंगे प्रीपेड बिजली मीटर

## दिन, शाम और रात की बिजली के दाम अलग अलग होंगे

देहरादून। प्रदेशभर में 16 लाख घरों पर प्रीपेड बिजली मीटर लगाने का काम जल्द ही शुरू होने जा रहा है। यूपीसीएल मुख्यालय में इसके कंट्रोल रूम स्थापित हो चुके हैं। ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम अंतिम चरण में है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार उत्तराखंड में प्रीपेड मीटर लगाने के बाद बिजली के दाम तीन हिस्सों में बंट जाएंगे। दिन, शाम और रात की बिजली के दाम अलग-अलग वसूल किए जाएंगे। दिन में बिजली सबसे सस्ती तो रात को सबसे महंगी मिलेगी। उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर ये है कि उन्हें पूरे 24 घंटे का बिजली का दाम एक जैसा ही नहीं देना होगा। चूंकि दिन में यूपीसीएल सौर ऊर्जा खरीदता है जो कि दो से ढाई रुपये प्रति यूनिट मिलती है। लिहाजा दिन में उपभोक्ताओं को इसी हिसाब से सस्ती बिजली मिलेगी। रात को कोयले और गैस की बिजली से आपूर्ति होती है जो कि




अपेक्षाकृत सात से आठ रुपये प्रति यूनिट मिलती है। लिहाजा, रात को बिजली के दाम महंगे होंगे। खास बात ये होगी कि आप किस घंटे में कितने बिजली इस्तेमाल कर रहे हो, उसके दाम अलग-अलग लगेंगे। कपड़े धोने से लेकर खेत में सिंचाई जैसे जो भी काम होंगे, वह उपभोक्ता दिन में सस्ती बिजली में कर सकेगा। यूपीसीएल एमडी अनिल कुमार ने बताया कि प्रीपेड मीटर लगाने का कोई शुल्क उपभोक्ता से नहीं वसूला जाएगा। बिल का झंझट खत्म होगा। बिजली की खपत की पूरी जानकारी मोबाइल पर एप के माध्यम से मिलेगी। रियल टाइम उपभोग देखकर बिजली बचा सकेंगे। हर माह मीटर रीडिंग की जरूरत न होगी। बिल पर लगने वाले ब्याज या विलंब शुल्क से छुटकारा मिलेगा। घर बैठे अपना बिजली रिचार्ज कर सकेंगे। प्रीपेड मीटर लगाने वालों को बिजली दर में चार प्रतिशत की छूट मिलेगी। रात में बैलेंस खत्म हुआ तो बिना रुकावट बिजली आपूर्ति जारी रहेगी।

# किच्छा में क्रय विक्रय समिति ने शुरू की धान खरीद

किच्छा(उद संवाददाता)। नवीन गल्ला मंडी में क्रय विक्रय समिति द्वारा मूल्य समर्थन योजना 2024-25 के क्रम में जनपद में सर्वप्रम किच्छा द्वारा किसानों के हित को देखते हुए धान क्रय केन्द्रो पर खरीद का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। धान क्रय प्रारंभ करने के अवसर पर नवीन अनाज मंडी में किसानों द्वारा लाए गए धान की तोल शुरू की गई। तोल प्रारंभ होने से किसानों में खुशी का माहौल बना हुआ है। क्रय -विक्रय समिति द्वारा तोल केंद्र पर सर्व प्रथम ग्राम पटेरी के कृषक ओम प्रकाश का धान क्रय किया गया। शुभारम्भ समिति के सचिव अपर जिला सहकारी अधिकारी नवल शर्मा द्वारा किया गया। वरिष्ठ विपणन अधि कारी सीएमओ अतुल चतुर्वेदी सहायक विकास अधिकारी अर्पण मंडी सचिव मोहन चंद्र जोशी इस अवसर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर गृह प्रवेश समिति सचिव जिला सहकारी अधिकारी नवल शर्मा ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा है कि वह अपनी फसल को साफ सुथरा एवं नामी रहित बनाकर गृह केदो में लाएं ताकि उनकी अनाज का उचित मूल्य उन्हें दिया जा सके उन्होंने किसानों से यह भी निवेदन किया कि धान खरीद में सरकार का और समिति का सहयोग प्रदान करें। विगत वर्षों में भी जनपद में सर्वप्रथम किच्छा क्रय विक्रय समिति द्वारा ही खरीद प्रारंभ की जाती



जितना संभव हो सके उतना खड़ी फसल को बनाए रखें तथा धान के अंदर की नमी को देखते हुए सुख स्थान पर अनाज का भंडारण करें ताकि धान में नमी काम हो जाए उन्होंने किसानों से यह भी कहा कि धान खरीद केंद्रो में यदि कोई भी समस्या उत्पन्न होती है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते हैं उन्होंने सभी लोगों से निवेदन किया है कि रही है। एव किच्छा मंडी में ही सबसे अधिक धान की आवक रही है। अपर जिला सह अधिकारी द्वारा कृषकों से आग्रह किया कि धान को सुखा कर ही केन्दो पर लाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ विपणन अधिकारी अतुल चतुर्वेदी केंद्र प्रभारी संजय कुमार, राम सिंह महरा, देव सिंह, डी० के० पाणे सैकड़ो किसान एवं राइस मिलर्स मौजूद थे।

# ज्वाला जी की पावन ज्योति का किया भव्य स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। वैष्णो देवी दरबार से पहुंची ज्योति का नगर के सामाजिक संगठनों राजनीतिक संगठनों एवं नगर की जनता द्वारा बाईपास आदित्य चौक पर भव्य स्वागत किया गया। नगर व्यापार मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार बजाज द्वारा यहां पर ज्योति का भव्य रूप से स्वागत करते हुए ज्योति को नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर सनातन धर्मशाला में पहुंचाया गया। इस अवसर पर तमाम भक्तों ने नवरात्रों के पूर्व संध्या पर माता का गुणगान करते हुए जयकारे लगाए। ज्योति का नगर में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों व्यापारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया तथा माता के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज ने सभी भक्तों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु के समापन के साथ ही माता का प्रत्येक घर में आगमन होता है तथा माता अपने भक्तों को धन-धान्य से परिपूर्ण करने के साथ ही सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह समय फसलों के साथ-साथ माता के आगमन के रूप में खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक होता है जहां माता अपने प्रत्येक भक्त से मिलने के लिए आती है वहीं खेतों में लहराती फैसले भी लोगों को उत्साह से भर देती उन्होंने कहा कि इस समय सभी रोग दोष मिटा कर खुशहाल प्रकृति का आगाज करती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वागत करने वालों में राजकुमार बजाज के अलावा राजकुमार तनेजा, दिनेश भाटिया, ओम तनेजा, सुभाष तनेजा, राजू सेतिया, अशोक शर्मा, पंकज कुमार, सुदेश कक्कड़, नीरज नागपाल, लक्ष्मी नारायण सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।



# महिला के प्रसव की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल,स्वास्थ्य विभाग नहीं ले रहा कोई एक्शन

बाजपुर (उद संवाददाता)। एक महिला के प्रसव में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आयी हैं। स्वास्थ्य विभाग की ऐसी लापरवाही कि एक मुन्नाभाई ने महिला के प्रसव की गोपनीयता भंग करते हुये सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दी इसके बाबजूद स्वास्थ्य विभाग इस लाइव मौत के खेल का तमाशा देख रहा है। इस लाइव मौत के खेल की जानकारी सीएमओ को भी है लेकिन



लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गयी। भले ही राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के लाख दावे कर रही है लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह जनपद में आज भी मुन्नाभाई एमबीबीएस का बोलबाला है। फर्जी हॉस्पिटल चंद रुपयों के खातिर लोगो के जीवन से खिलबाड़ करते नजर आते हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन पर कोई ठोस कार्यवाही करता नजर नहीं आता। हद तो तब हो गयी जब के बाजपुर क्षेत्र में एक मुन्नाभाई ने सारी हदें पार कर दीं। बाजपुर में शिवाय हॉस्पिटल के नाम से संचालित हॉस्पिटल के एक डाक्टर ने महिला प्रसव की वीडियो बना कर अपने रूबी रामपाल नामक युटुब चैनल पर वायरल कर दी। इस मामले का सीएमओ ऊधम सिंह नगर को पूरी जानकारी होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस कार्यवाही नहीं करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग पर कोई बड़े सवाल खडे होते हैं। जब पत्रकारों ने सीएमओ से इस बात की जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि ये गलत है इस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# मारपीट मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा में दो पक्षो के मध्य हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष के छह लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रपट में पूजा पत्नी राम पाल निवासी रम्पुरा वार्ड 23 ने कहा है कि उसकी देवरानी पिन्की जिसका झगड़ा सास व ससुर हो रहा था। जिसके बाद सुसराल वालो ने चौकी में तहरीर दी। 29 सितम्बर को सुबह पिन्की मेन गेट पर ईट पत्थर मार रही थी। जिसके बाद उसकी ननद शारदा ने गेट खोला तो पिन्की उसको बुरी तरह मारने लगी शारदा ने मौके पर गेट बन्द कर अन्दर से कुन्डी लगा दी। जिसके बाद अपने भाई सोनू को फोन किया भाई सोनू जैसे घर से 20 मीटर पीछा था। तभी पिन्की ने सोनू के पर हमला कर दिया। उसके बाद ननद शारदा अपने भाई को बचाने लगी तो पिन्की उसको भी मारने लगीं। उसके बाद जब वह अपनी ननद शारदा को बचाने लगी तो पिन्की उसकी बहन सुमन, व शिवानी, माँ उर्मिला, पिता सोमपाल व भान्जा अनिल ने उस पर हमला कर दिया। उक्त घटना घर के बाहर लगे कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौसल्या हितकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मैदान में गत दिवस आयोजित रामलीला मंचन में रामजन्म, ताड़का बाहु सुवाहु वध की लीला का मंचन किया गया। व्यास पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री जी ने व्यास मंच से बताया कि महाराजा दशरथ के घर में संतान न होने पर कुल गुरु महर्षि वशिष्ठ से मंत्रणा करके कामेश्ठी यज्ञ करने का निर्णय लिया। जिसमे मिली खीर को तीनो रानियों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।जिसके फलस्वरूप अग्निदेव की कृपा से तीनों रनिया गर्भवती हुई और महारानी कौशल्या के भगवान राम, कैकई के भरत और सुमित्रा के भरत एवम शत्रुघ्न का जन्म होता है। भगवान राम के जन्म पर देव गंदर्भ, किन्नर पुष्प वर्षा करते हैं और रामलीला मैदान में उपस्थित जन मानस ष्भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारीष चौपाई पर खुशी से झूम उठते हैं। इसके पश्चात ताडिका वध, बाहु सुबाहु वध का मंचन हुआ। लीला में भगवान राम की भूमिका में कुणाल पांडे, लक्ष्मण जी की भूमिका में मेहुल जोशी, भरत वैभव देवल, शत्रुघ्न स्पर्श अग्रवाल, दशरथ सुनील जैसवाल, ताड़का अभिषेक गुप्ता, सुबाहु तनिष्क सनवाल तथा मारीच की भूमिका में यश गुप्ता रहे। सामाजिक संस्था आनंद आश्रम, रोशनी सोसाइटी, इनरव्हील शाइनिंग, माथुर समाज आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। व्यास जी के साथ तबले पर संगत प्रमोद भट्ट ने दी अतिथि संघ के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर, बंशीधर भगत, शशांक रावत प्रदीप बिष्ट, प्रमोद टोलिया तरुण बंसल थे। दिन की लीला के निर्देशक अमित जोशी तथा व्यवस्थाओं में सुशील शर्मा, नब्बु भाई, रोहित ठाकुर, शेखर गर्ग, पप्पी भाई, विंदेश जैसवाल आदि ने लीला मंचन में सहयोग दिया। ग्रीन रूम में मेक अप आर्टिस्ट बाला पंडित, नरेश गोस्वामी, गट्टू भाई रहे। संचालन समिति से विदेश गुप्ता, राजेंद्र मुन्ना, पंकज कपूर, भोलानाथ केसरवानी, अतुल अग्रवाल, प्रदीप जनौटी सौरभ अग्रवाल आदि रहे।



शगुन की मेंहदी ले कर जनक पुरी से संचालन समिति के सदस्य संरक्षक एपी बाजपेई के साथ अयोध्या नगरी पहुंचे। जहां प्राचीन श्री शिव सेवा समिति के सदस्य हरिमोहन अरोरा, डीके गुप्ता, लाला जायस वाल आदि ने स्वागत किया। जहां भगवान राम लक्ष्मण के स्वरूप को मेंहदी लगाई गई, मंगल गान हुआ। आज की लीला में अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद एवम श्री राम विवाह का मंचन किया जाएगा। संचालन समिति की सहयोगी संस्था प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा भव्य राम बारात का आयोजन एवम भ्रमण नगर में किया जाएगा।

# जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन

नैनीताल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय सभागार नैनीताल में देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें केंद्रीय संचार ब्यूरो और भारतीय शहीद सैनिक की छात्राओं ने देश भक्ति और भजन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री के



चित्र पर माल्यार्पण, नमन करते हुए उनके बताए गए मार्गों और आदर्शों पर चलने की बात कही। इसके बाद उन्होंने डाट, दर्शन घर पार्क, पंत पार्क में गांधी जी, भीमराव अंबेडकर, भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत आदि की मूर्तियों में माल्यापर्ण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी, पीआर चौहान, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मकराना मौजूद रहे।

# स्कार्पिओ में तमंचा कारतूस बरामद

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं विगत रात्रि पुलिस चेकिंग के दौरान दिनेशपुर रोड अंडरपास के पास से एक बिना नंबर प्लेट एक स्कॉर्पियो गाड़ी को रोककर पूछताछ कर उसकी तलाशी ली तो वहां से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी



के अनुसार विगत रात्रि थाना पुलिस द्वारा दिनेशपुर रोड पर गस्त की जा रही थी इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन दिनेशपुर अंडर पास से करीब 400 मीटर आगे खड़ा दिखा, पुलिस द्वारा जब वाहन चालक से पूछताछ की गई तो उक्त चालक द्वारा अपना नाम अजय पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय देवेंद्र सिंह निवासी विर्क फार्म थाना बिलासपुर उत्तर प्रदेश बताया गया। पुलिस द्वारा वाहन को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर एफआईआर दर्ज कर ली गई।थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि चेकिंग अभियान आगे भी चलता रहेगा। उप निरीक्षक पवन जोशी, कांस्टेबल दीपक जोशी, कैलाश मनराल, कुंदन सिंह आदि मौजूद थे।

# प्रभु राम जी बारात से पूर्व मेहंदी रस्म का आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रभु राम जी बारात से पूर्व रात्रि में राधा कृष्ण मन्दिर बरेली रोड में मेहंदी रस्म का आयोजन किया।इस मौके अयोध्या से आई मेहंदी हजारों महिलाओं को लगाई व सजाई गई। टी सीरीज के भजन गायक नवीन सरताज के भजनों में महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। प्रभु की बारात को लेकर लोगों में खुशी की झलक देखने को मिली। रामलीला मैदान में वर व कन्या पक्ष द्वारा मेहंदी व फल मिष्ठान का आदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तौलिया, प्रताप बिष्ट प्रदीप बिष्ट, हैप्पी अटवाल, चौधरी समर पाल, पंकज गुम्बर, तरुण बंसल थे। वही कन्या पक्ष



से सिटी मजिस्ट्रेट के अगुवाई में रामलीला संचालन समिति के पदाधि कारियों मिष्ठान व फल भेंट किए। कार्यक्रम सयोंजक हरिमोहन आरोड़ा व रूपेन्द्र नागर ने बताया आज तीन अक्टूबर को दोपहर 2 बजे राधा कृष्ण मन्दिर से भव्य राम बारात निकाली जायेगी। मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू व शिव कपूर ने बताया राधा कृष्ण मंदिर को अयोध्या पूरी की तर्ज पर सजाया गया है। प्रभु की बारात को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों को पूरा कर लिया गया। बारात में लगभग 10 हजार से अधिक भक्त शामिल होगे।इस मौके पर अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, लाला जायसवाल, अमित आश्वनी, शिव कपूर, रूपेन्द्र नागर, हेमन्त साहू, दिनेश अग्रवाल, दीपू पदम् पाल, विवेक शर्मा, सुनील गुप्ता, दीपांशु शर्मा, धर्मेन्द्र साहू, आनंद गुप्ता, राम रूप गुप्ता, सन्नी कपूर, अशोक सिंधी, अशोक मुलानी, सूरज लम्बा, पूरन सागर, अनिल अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, सन्तोष गुप्ता, मनीषा मुलानी, यसोदा पाल, रूबी अग्रवाल सहित हजारों लोग शामिल थे।

# प्रभु श्री राम के जीवन से मिलती है त्याग तपस्या और प्रेम की सीख: ठुकराल





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा रोड पर श्री हनुमान देवी जागरण मण्डल की ओर से आयोजित रामलीला के मंचन का पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि भगवान श्री राम की लीला को अवश्य देखना चाहिए और उसमें से अच्छाइयों को ग्रहण अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आदर्श हैं और हमें उनकी अच्छाइयों को अपने जीवन में उतारकर बुराइयों को दूर करना चाहिए।कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन अनुकरणीय रहा है। उनके जीवन से त्याग तपस्या प्रेम की सीख मिलती है। भगवान राम कुशल प्रशासक थे हमेशा उनके बताये मार्गदर्शन का अनुसरण करना चाहिये। विशेषकर युवा पीढ़ी को रामलीला मंचन देखने के लिए अवश्यक आना चाहिए। रामलीला जहां हमें धर्म से जोड़ने का काम करती है वहीं समाज को सही राह भी दिखाती है। उन्होंने कहा कि रामलीला का मंचन तभी सार्थक होगा जब यहां से कुछ सीखकर जायें और उसे अपने जीवन में उतारें। इससे पूर्व रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक का फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। रामलीला में पहले दिन नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर कैलाश अग्रवाल, प्रदीप कुमार, मनीन्द्र कोश्यारी, चैनसुख मिश्रा, नत्थू लाल गुप्ता, समर पाल सिंह चौळान, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रघुवर दयाल गुप्ता, महामंत्री गिरीश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष जगदीश श्रीवास्तव, राजीव चावला, अंकित चंद्रा, अजय नारायण, मोहित यादव, संजय ठुकराल, ललित बिष्ट, बंटी कोली, विनोद मिश्रा, विनोद वर्मा, विजय गुप्ता, रवि गुप्ता, राजेश गुप्ता, विपिन शर्मा, राम किशोर रस्तौगी, अजय श्रीवास्तव, संतोष्ठ दिवाकर, देवेन्द्र मिश्रा, धर्मदास पाल, रतन लाल पाल, अजय गुप्ता, राहुल मिश्रा, रवि भारती, आनंद सिंह नेगी, मुकेश श्रीवास्तव, राजेश हालदार, आरपी सिंह, हरपाल सिंह, राजकुमार शर्मा, डाल चन्द्र राणा, ओपी आर्या, दीपक कुमार गुप्ता, निखिल गुप्ता, विष्णुदत्त, कमल सेनी, संजय सिंह, रूप किशोर अग्रवाल, प्रवेश कोली, सतीश शर्मा, विजय शर्मा, राजेन्द्र चन्द्रा, नंद किशोर गुप्ता, तुलसी गुप्ता, नीशू भटनागर, श्याम पाल, जितेन्द्र पाल आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने गांधी और शास्त्री जी का किया भावपूर्ण स्मरण

रूदपुर (उद संवाददाता)।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर और देश के पूर्व प्रध ानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई, और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया ।इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिमांशु गाबा और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी पार्क में एकत्र हुए, जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए, और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया स इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रामध ुन, रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सम्मति दे भगवान, को गाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने, जब तक सूरज चांद रहेगा, गांधी शास्त्री तेरा नाम रहेगा, जैसे गगन भेदी नारे लगाकर राष्ट्रपिता गांधी और स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा, सहित प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल कृष्ण भसीन, प्रदेश प्रवक्ता सौरभ चिलाना, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की



अध्यक्ष मोनिका ढाली, पूर्व मेयर प्रत्याशी ममता रानी, पूर्व निगम पार्षद मोहन खेड़ा, प्रीति साना, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, प्रदेश महामंत्री कांग्रेस सेवादल रामाधारी गंगवार, राहुल गांधी बीग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष फरीद अहमद मंसूरी, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सपना गिल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, एनएसयूआई नेता और डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष पद के संभावित प्रत्याशी जसवीर गंगवार, पार्षद अशफाक अहमद, अबरार अहमद, नामित पार्षद उमर अली सलमानी, सुमित राय, कांग्रेस नेता रामकृष्ण सैनी, रोहित चौहान, अर्जुन विश्वास, उमा सरकार, बेबी सिकदर, छत्रपाल गंगवार, विनोद कुमार, बाबू विश्व कर्मा, पूर्व पार्षद पुदीना सैनी, सोहेल खान, शुभम रस्तोगी, शोभा उपाध्याय, शिवपद सरकार, वीरेंद्र राठौड़, संजीव राठौड़, भगवान स्वरूप गुप्ता, नवीन खेतवाल अंकित सैनी, संजय गुप्ता, अनिल साहनी, मनोज कुमार सिंह, सरताज, मोहम्मद तारिक, नदीम खान, सुहैल खान, इंद्रजीत सिंह, साहिल कक्कड़, सुदर्शन शर्मा, विनोद कुमार, महेश कोली, निसार अहमद, हरिराम राजपूत, कमल चुग, दिनेश मौर्य, सुनीता सैनी, ममता शर्मा, सतवीर सिंह पदम, राधे श्याम बंसल, सुभाष दिवाकर, कालीचरण बाल्मिकी, अनिल शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मेरा तो कुल दीपक बुझ गया, राजा तेरा भी बुझ जायेगा

## रावण वेदवती संवाद, श्रवण कुमार की मृत्यु और सीता व राम जन्म की लीला का सुदर मंचन





रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर की प्रमुख बस स्टैंड वाली रामलीला में द्वितीय दिवस में रावण- वेदवती संवाद श्रवण कुमार की मातृ-पितृ भक्ति, श्रवण कुमार की मृत्यु, सीता जन्म व राम जन्म तक की सुंदर लीला का मंचन हुआ। आज लीला का शुभारंभ नगर के प्रख्यात पर्यावरणविद, क्षेत्र में हजारो पेड़ लगाकर पर्यावरण रक्षा का संदेश देनें वाले सेवानिवृत बैंक प्रबंधक स0 मनमोहन सिंहव उनकी धर्मपत्नी जसविन्दर कौर नें प्रभु श्रीरामचन्द्र जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों नें अतिथिगणों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विगत दिवस की लीला में सबसे पहले गणेश वंदना व श्रीराम वंदना संपन्न हुयी। प्रथम दृश्य मंचन में रावण और वेदवती में संवाद हुआ। रावण वेदवती को जंगल में अकेली पाकर उसकी सुंदरता का बखान करता है। वेदवती बार-बार रावण को चेतावनी देती है लेकिन वह नहीं मानता। वह सती वेदवती का गला पकड़ लेता है। गुस्साई वेदवती हुंकार भरती है और कहती है मरण इस बार होता है, सती नारी का जीवन में, प्रण इस बार होता है। इसके बाद वेदवती श्राप देती है कि अगले जन्म में वह रावण की मृत्यु का कारण बनेगी। इसके बाद श्रवण कुमार कथा का मंचन हुआ। इसमें मातृपितृ भक्त श्रवण कुमार अपने अंधे माता पिता को एक कांवड़ में बिठाकर तीर्थ यात्रा करा रहे थे। श्रवण अपने प्यासे माता-पिता के पीने के लिए जल किसी जलाशय से लेने गये थे और अयोध्या के राजा दशरथ भी वहाँ शिकार खेलने गये थे। दशरथ ने समझा ने कोई जंगली जानवर जल पी रहा है और इसी भ्रम में उन्होंने शब्दभेदी बाण चला दिया जिससे श्रवण कुमार स्वर्ग सिधारे। पुत्र शोकाकुल दंपति ने शाप दियमेरा तो कुलदीपक बुझ गया, राजा तेरा भी बुझ जायेगा, हाय बेटा हाय बेटा, तू यूँ कहता मर जायेगा। इसके बाद के दृश्यो में राजा जनक के स्वर्ण हल चलाते समय उन्हें एक घड़ा प्राप्त होता है। जब राजा जनक उस घड़े को देखते है तो उसमेंउन्हें एक कन्या की प्राप्ति होती है, जिसका नाम सीता रखा जाता है। उधर अयोध्या में राजा दशरथ के महलों में भी राम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघन का जन्म होता है। महलो में ढोल-नगाड़े बज उठते है। आज की लीला में भगवान गणेश के रूप में आशीष ग्रोवर आशू, रावण की भूमिका में रमन अरोरा, वेदवती की भूमिका में सुमित आनन्द, श्रवण कुमार-पुलकित बाम्बा, माता- नरेश छाबड़ा, पिता शांतनु- मनोज मुंजाल, दशरथ-संजीव आनन्द, जनक- अनिल तनेजा, वशिष्ठ- मनोज मुंजाल, कौशल्या-सुमित आन्नद, सुमित्रा- हर्ष नरूला, कैकयी-राजा, सुमन्त-सचिन आन्नद, बालिका सीता-आश्वी तनेजाध, बालक राम- निवात जग्गा, बालक लक्ष्मण- अदित अरोरा, भरत- कृतिश गैड़ा व शत्रुघन- कपिल आदि थे। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्यवयक नरेश शर्मा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, मोहन लाल भुडडी, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, प्रेम खुराना, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, राम कृष्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, विजय विरमानी, बंटी बाम्बा, कृतिका बाम्बा, आशीष मिड्डा, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, शिवम जग्गा, आदि उपस्थित थे। सहित हजारो रामभक्त मौजूद थे। श्रीरामलीला रामभक्त सुशील गाबा एवं संदीप धीर ने किया।




## श्रवण कुमार की भूमिका में पुलकित का मार्मिक अभिनय

रूद्रपुर। एक बार फिर श्रवण कुमार की भूमिका में पुलकित बाम्बा नें समां बांध दिया। उनके मार्मिक अभिनय नें दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। खासतौर पर दशरथ का तीर लगनें के बाद उनके अभिनय नें नयी उचाईयां छू ली। श्री रामलीला कमेटी द्वारा नये कलाकारों को ऐसे महत्तवपूर्ण भूमिकायें सौंपकर नये प्रयोग करनें व नयी पीढ़ी को आगे लानें की दीर्घकालीन योजना के फलस्वरूप नये कलाकारों के लिये श्री रामलीला मंच के द्वार खुलनें की नीति असरकार साबित हो रही है। उनके मंचन परदर्शकों ने खूब सराहना की।



## श्री सनातन धर्म युवा मंच नें सभांली सुरक्षा व्यवस्था एवं टिकट व्यवस्था

रूद्रपुर। इस वर्ष भी मुख्य रामलीला में सुरक्षा व्यवस्था एवं कुर्सी पास व चंदे आदि को मंच तक पहुंचाने की व्यवस्था श्री सनातन धर्म युवा मंच के जिम्मे है। मंच के सदस्यों द्वारा शालीनतापूर्वक आग्रह कर समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू कर आये सभी रामभक्तों को मंचन हेतु आवश्यक जानकारी भी दी जाती है। पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता कर रामलीला मैदान में कार्यरत पुलिस जवानों के साथ सामंजस्य बैठा कर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को भी सुचारू रखा जाता है। इस सेवा कार्य में अमित अरोरा बोबी, विजय विरमानी, रवि अरोरा, कर्मचंद राजदेव, आशीष मिड्डा, सचिन तनेजा, रोहित जग्गा, अमित चावला, चिराग कालड़ा द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

# सीता स्वयंवर में राम जी ने तोड़ा धनुष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कालोनी में श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के चौथे दिन शुभारंभ समाजसेवी अजय तिवारी, ओम बापू मशीनरी के एम डी हरीश गुंबर, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा एवं सेठी फूड्स के एम डी शिवेंद्र सेठी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, उनके साथ विशाल गुंबर, चेतन कुमार, जी आर डी स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमति सुरभी रस्तोगी भी उपस्थित थीं। समाजसेवी अजय तिवारी ने कहा कि रामलीला मंच एक पवित्र मंच है,इस पर आस्था रखने से बहुत सारे मुरादें पूरी होती हैं, हमे अपने जीवन में राम जी आदर्शो को अपनाना चाहिए जिससे कि हमारा जीवन उत्तम बन सके। संजय जुनेजा ने रामलीला मंचन पर श्री शिव नाटक क्लब को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि हमे रामलीला से अच्छी शिक्षा लेकर जानी चाहिए और बुराइयों को अपने जीवन से हटाना चाहिए । श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया,स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। रामलीला के मंचन में सीता स्वयंवर, रावण वाणासुर संवाद, राम जी द्वारा धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाना, जयमाला, परशुराम लक्ष्मण संवाद तक की लीला का मंचन किया गया,जिसमे जनक की भूमिका सनी घई,रावण जीतू गुलाटी, वानासुर गर्व गुलाटी,राम गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,परशुराम अवतार सिंह खुराना,राजा पुष्कर नागपाल,आदित्य कुमार,कृष गावड़ी,अभिनव अनेजा,शिवम चावला, वासु ठुकराल एवं भाट की भूमिका भारत हुड़िया द्वारा की गई ।आज शाम श्री राम जी की भव्य बारात निकाली जायेगी, रात्रि में मंचन में राजतिलक ऐलान, मंथरा कैकई संवाद, कैकई कोप भवन, राम जी को वनवास तक की लीला का मंचन किया जाएगा । श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने सभी राम भक्तों से रामलीला के अवलोकन हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निवेदन किया है।




## सीता स्वयंवर और परशुराम लक्ष्मण संवाद का सुंदर मंचन

गदरपुर (उद संवाददाता)।अनाज मंडी में चल रही रामलीला में बुधवार रात ताड़का वध, मारीच सुबाहु वध, सीता स्वयंवर एव परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे कशिश खुराना को जनता ने खूब सराहा। दृश्यों का बहुत ही सुंदर मंचन किया गया। इस दौश्रान रामलीला मंचन में कलाकारों के अभिनय की खूब सराहना की गई । हजारों की संख्या में पधारे दर्शकों ने श्री राम और सीता जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी कलाकारों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर श्री रामलीला अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण अनेजा ने सभी को श्री राम और सीता जी के विवाह की बधाई दी एवं पुष्प वर्षा कर मिष्ठान वितरण किया। श्री राम नाट्य कला परिषद के सभी पदाधिकारी एवम कलाकार, श्री रामलीला अनाज मंडी की समस्त कमेटी एवम हजारों की तादात में पधारे श्रद्धालु इस शुभ अवसर के साक्षी बने।



# संगीत संध्या में सूफी बंद 'सादगी' की प्रस्तुति ने किया भाव विभोर

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर संगीत संध्या आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन जी 5148 वीं जयंती के उपलक्ष्य में संगीत संध्या का आयोजन बड़ी ही धूम धाम से किया गया। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना के साथ हुआ। मुख्य अथिति वरिष्ठ अग्रबन्धु एवं उद्योगपति संजीव जैन और उनके परिवार का श्री अग्रवाल सभा द्वारा स्वागत किया गया। संजीव जैन ने अपने सम्बोधन में महाराजा अग्रसेन जयंती की सभी को बधाई दी और बताया महाराजा अग्रसेन ने ही आज से लगभग 5200 वर्ष पूर्व समाजवाद की नींव रखी थी। उन्होंने बताया एक अनुमान के मुताबिक लगभग पूरे देश में दान की जाने वाली राशि का लगभग 62 प्रतिशत योगदान अग्रवाल समाज से आता है। ये हमारे लिए गर्व का विषय हैं। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने अपने सम्बोधन में अग्रवाल समाज के योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंनेकहा समाज में कभी भी कैसी भी आवयश्कता आन पड़े अग्रवाल समाज हमेशा अग्रणी होकर योगदान देता हैं। आज यही कारण हैं कि ये समाज इतना सामर्थ्य शाली है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में जब भी अग्रवाल समाज को उनकी जरुरत होगी वो पूरी तरह सहयोग करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीए अशोक सिंघल ने महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतो को आज के परिवेश में मार्गदर्शक के रूप प्रेरित करने वाले बताये। आज उद्योगों के सफल संचालन में अग्रवाल उद्योगपतियों का वर्चस्व हैं। विशिष्ट अतिथि कुमाऊँ गढ़वाल चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अशोक बंसल ने बताया महाराजा अग्रसेन के वंशज अपने व्यापार कुशलता के लिए विश्व भर में जाने जाते हैं और देश के विकास में महतवपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा देश की कुल जीडीपी में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देश भर में फैले अग्रवाल बंधू कर रहे हैं। निर्वतमान महापौर रामपाल सिंह ने कहा ये एक ऐसा समाज हैं जो कभी भी अपने लिए नहीं मांगता। जब भी आवयश्कता पड़ती हैं ये खुद अपने दम पर किसी भी कार्य को करने का हौसला रखता हैं। पूर्व विधायक राज कुमार ठुकराल तथा पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा का स्वागत भी किया गया। अपने लखनवी अंदाज में गायन के लिए मशहूर सूफी बंद ष्सादगीष्ने भाव विभोर कर देने वाली प्रस्तुति पेश की। उनके सुरे पर सभी वाह वाह करने पर मजबूर हो गए। अग्रवाल सभा के महामंत्री अमित जैन लोहिया ने बताया महाराजा अग्रसेन जी की जयंती हर वर्ष बड़े ही धूम धाम से मनायी जाती है। इस अवसर पर श्री अग्रवाल सभा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। अग्रवाल युवा संगठन द्वारा भोजन वितरण, क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाता हैं। महाराजा अग्रसेन जी की जयंती आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाई जाती हैं और इसी दिन शारदीय नवरात्र भी प्रारम्भ होते हैं। इस दिन ध्वजा रोहण का कार्यक्रम होता हैं और विचार गोष्ठी भी होती है। कार्यक्रम के अंत में श्रीअग्रवाल सभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों एवं अग्रवाल समाज का धन्यवाद प्रेषित किया। सभा के कोषाध्यक्ष रणवीर गुप्ता ने सभी मेहमानों का धन्यवाद दिया और आगे भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की।संचालन नितेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर गजानंद बंसल, कैलाश गर्ग,पवन अग्रवाल, गौतम रूंगटा, ताराचंद अग्रवाल, राजेंद्र तुलसियान, मोहन अग्रवाल, रविंद्र गर्ग, शरद गर्ग, राजेंद्र गुप्ता, प्रवीण गोयल, अजित जैन, मोहन गोयल, महेश गोयल, श्रीओम अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, मुकुल मित्तल, विजय गर्ग, दिनेश खंडेलवाल, अखिलेश अग्रवाल, हेमंत गर्ग, देवी दयाल गुप्ता, नरेंद्र बंसल, हरिशंकर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अशोक मित्तल नरेश अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल,प्रिय गर्ग, उषा श्यामपुरिया, राधा अग्रवाल, अनुराधा जैन, दिव्या गुप्ता, रचना झुनझुनवाला आदि उपस्थित थे।





# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को मिली नई पहचानः अजय भट्ट

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित पुस्तक पर विचार गोष्ठी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महात्मा गाँधी की जयंती के उपलक्ष्य में सेवा पखवाडा के तहत भाजपा जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित पॉवर विथिन दा लीडरशिप लेगेंसी आफ नरेंद्र मोदी पुस्तक पर विचार गोष्ठी का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय पर हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सांसद अजय भट्ट ने पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में देश की बागडोर संभाने के बाद से भारत ने दूरदर्शी नेतृत्व वाला नेता देखा जिसकी सोच गरीब उत्थान उनके कल्याण की है जो उनको विकास की मुख्यधारा से जोड़ना चाहता है जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने के विश्वास व क्षमता को दर्शाता है, सांसद अजय भट्ट बोले यह पुस्तक बताती है कि मेक इन इण्डिया, डिजिटल इंडिया आत्मनिर्भर भारत जैसी सोच विकासात्मक एजेंडे की आधारशिला है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस साल में राष्ट्र ने महत्त्वकांक्षी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओ जैसे उच्च गति रेलवे, स्मार्ट सिटी जैसी पहल को देखा है जो भविष्य के विकसित भारत कि आधारशिला है। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि उनके निर्णयक शासन में जन धन खातों से हर गरीब को बैंक से जोड्ना, 2016 में सर्जिकल स्ट्राक कर विरोधी देशो को भारत का लोहा मनवाया, साथ ही कोविड 19 जैसी महामारी जिसमे पूरा विश्व संकट में आया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस बीमारी के लिये पूरे देश में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाया लोगो के जीवन को सुरक्षित करने का कार्य किया। सांसद भट्ट बोले प्रधानमंत्री मोदी कि कूटनीति का परिणाम है कि आज सारा विश्व भारत की ओर देखता है, मोदी कि कूटनीति है कि आज हर देश के साथ भारत के संबध बेहतर हुए है जिसके कारण हमारी सैन्य ताकत भी मजबूत हुई है। हमने विदेशनीति में विश्व में अलग पहचान बनाई है।वही देश में विकास कि राह पर आगे ले जाने के लिये अनेको योजना से अंतिम पायदान पर बैठे लोगो को इसका लाभ मिला।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राडिंग का एक नया मॉडल देश के सामने रखा है। उन्होंने देश कि अलग अलग क्षेत्रों में हमारी देश कि धरोहर को पुन पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण कार्य किये है जिससे हमारा पर्यटन क्षेत्र में काफी लाभ हुआ, उनकी राष्ट्र प्रथम के मंत्र को देश कि जनता ने सराहा है प्रधनमंत्री मोदी का देर रात तक बिना कोई अवकाश लिये कार्य करना यह दर्शाता है कि उन्होंने एक एक क्षण देश के विकास को समर्पित किया, यही परिणाम है कि 2024 में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को सेवा करने का अवसर दिया हमको विश्वास है मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनाने की ओर आगे बढ़ेगा, भट्ट ने कहा पुस्तक बहुत सुंदर लिखी है सभी कार्यकताओं, प्रबुद्ध वर्ग के लोगो अपील की सभी पुस्तक को पढ़े। इस दौरान भाजपा जिला कमल जिंदल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, विवेक सक्सेना, पूर्व मेयर रामपाल, राकेश सिंह, उपेंद्र चौधरी, कुंदन राठौर, सुरेश कोली, तरुण दत्ता, शाहखान, विवेक दीप, प्रमोद मित्तल, गिरीश चतुर्वेदी,मयंक कक्कड़, गजेंद्र प्रजापति, राजीव चौधरी, राधेश शर्मा, सुनील ठुकराल, बिट्टू चौहान, घनश्याम शयमपुरिया, मोर सिंह, मनीष शुक्ला, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।






# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गांधी जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन स्कूल में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता शामिल थी। प्रधानाचार्य, श्रीमती भावना भनोत ने गांधी जी की शिक्षाओं परविचार साझा किए। कार्यक्रम में सभी छात्रों ने रघुपति राघव राजा राम गीत गाया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन अध्यक्ष, विंग कमांडर एच. के. राय द्वारा किया गया, जिन्होंने छात्रों को गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री जी की शिक्षाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित एक नाटक का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे छात्रों ने हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। ध्वज रोहण के बाद, सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। एनसीसी छात्रों ने एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया और नजदीकी झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में जाकर जरूरतमंद लोगों में अनाज वितरित किया। इस कार्यक्रम ने छात्रों में राष्ट्रभक्ति और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान की भावना को और भी मजबूत किया।





# सांसद भट्ट ने किया आधुनिक पिंक टॉयलेट का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने जिला विकास प्राधिकरण द्वारा 30 लाख की लागत बानाये गये आधुनिक पिंक टॉयलेट का फीता काटकर महिलाओं को समर्पित किया। उन्होने बताया कि शहर में महिलाओं को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से पिंक टॉयलेट का शुभारम्भ आज किया गया है। उन्होने कहा कि इस पिंक टॉयलेट का का संचालन नगर निगम के देखरेख में महिलाओं के समूह द्वारा किया जायेगा। इस दौरान सांसद ने महिलाओं द्वारा लगाये गये स्टॉल से खरीददारी भी की जिसका भुगतान उन्होने ऑनलाईन के माध्यम से किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पूर्व विधायक किच्छा राजेश शुक्ला, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, अनिल चौहान, योगेश वर्मा, विपिन जल्होत्रा आदि मौजूद थे।



# ज्वाला जी की पावन ज्योत का गाजे बाजों के साथ हुआ स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा आयोजित 33वीं मां वैष्णो दरबार यात्रा में कल रूद्रपुर पहुंचकर सम्पन्न हुयी। इस दौरान हिमांचल प्रदेश से लाई गयी माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति का रुद्रपुर पहुंचे पर गाजे बाजों के साथ स्वागत किया। इस दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी और उसके पश्चात मां की पावन ज्योति को दुर्गा मंदिर में स्थापित किया गया। मां ज्वाला जी की पावन ज्योति का सर्वप्रथम काशीपुर रोड जाफरपुर में स्व. दुलचन्द्र के परिवार की ओर से ज्योति का स्वागत किया गया। इसके पश्चात काशीपुर रोड पर स्थित एमबी प्लाईवुड में समाजसेवी रमेश मिड्डा अशोक मिड्डा और उनके परिवारजनों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इसके पश्चात गल्ला मण्डी में मोहन लाल खुराना के प्रतिष्ठान पर पावन ज्योति का स्वागत किया गया। यहां से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ पावन ज्योति का स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने पावन ज्योति के दर्शन किये। पांच





मंदिर पहुंचने पर सनातन धर्म सभा सहित विभिन्न धार्मिक संस्थाओं ने मां की पावन ज्योति का स्वागत किया। इस दौरान भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो गया। तत्पश्चात दुर्गा मंदिर पहुंचकर मां की पावन ज्योति को भक्तों के दर्शन के लिए विराजमान किया गया। इस अवसर पर यात्रा के संयोजक वेद ठुकराल ने बताया कि मां ज्वाला जी की पावन ज्योति नौ दिनों तक दुर्गा मंदिर में भक्तों के दर्शन के लिए विराजमान रहेगी। नवरात्र के उपलक्ष्य में आज रात्रि से दुर्गा मंदिर में माता की चौकियों का भव्य आयोजन किया जायेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में चौकी में पहुंचने की अपील की। मां की पावन ज्योति के स्वागत में निकाली गयी शोभा यात्रा में दुर्गा मंदिर सभा की अध्यक्ष रेणु अरोरा ,गुरशरण बब्बर, किशन नारंग,राजीव गंभीर ,दिनेश गुप्ता ,देवेंद्र कुकरेती ,सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर,ओम प्रकाश अरोरा,राकेश सुखीजा, विजय विरमानी ,विजय जग्गा ,प्रेस क्लब के अध्यक्ष केवल बत्रा,एडवोकेट दीपक अरोरा, अध्यक्ष व्यापार मंडल संजय जुनेजा ,संदीप राव,हरीश अरोरा,सचिन अग्रवाल,हरीश ठुकराल अमित बांगा आदि थे यात्रियों में महंत राजीव ठक्कर ,संयोजक वेद ठुकराल किशन मेहता ,पवन गाबा पल्ली,मुदित गाबा ,काका नारंग,मोहित बत्रा,विक्की कक्कड़ ,,किशन सुखीजा ,ठाकुर साहब ,राम राजदेव ,अर्जुन खुराना ,सयम चावला ,अंश कक्कड़, विपिन अरोरा, अमित दुआ ,नाजिर सिंह,रजनी बत्रा,साक्षी बत्रा,रीता मेहता ,गीता सुखीजा,डाक्टर होरी सिंह,ब्रजपाल सिंह,एकता दुआ ,ओम वीर शर्मा सहित सैकड़ों भक्त थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ईरान और इजराइल का युद्ध

आखिरकार ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दाग कर उसे चुनौती दे दी। अभी तक हमास के विरुद्ध इजराइल की जंग को लेकर वह चुप्पी साधे हुए था। मगर जब इजराइल ने लेबनान पर हमला कर हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह और दूसरे नेताओं को मार गिराया तो इजराइल की चेतावनियों को धता बताते हुए ईरान ने उस पर जवाबी मिसाइलें दाग दीं। हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि इस हमले से इजराइल में कितना नुकसान हुआ है, मगर इससे इजराइल के पक्ष और विपक्ष में दुनिया के बंट जाने और संघर्ष बढ़ने की आशंकाएं गहरा गई हैं।अमेरिका शुरू से इजराइल का समर्थन करता रहा है। ईरान के हमले के बाद उसने खुल कर कह दिया कि जब भी जरूरत पड़ेगी, उसकी सेनाएं इजराइल की मदद के लिए उतरने को तैयार हैं। कुछ दिनों पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने इजराइल को चेतावनी दी थी कि वह लेबनान पर हमले से बाज आए। बताया जा रहा है कि ईरान ने रूस से बातचीत के बाद ही इजराइल पर मिलसाइलें दागीं। इस तरह यह आशंका बढ़ गई है कि अगर इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ा, तो विश्वयुद्ध की स्थिति बन सकती है। दरअसल, यह संघर्ष फिलिस्तीन को लेकर शुरू हुआ था। लंबे समय से यह विवाद चला आ रहा है, मगर जब हमास के लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में उतर कर हमले किए तो इजराइल ने उसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इजराइल ने पहले ही फिलिस्तीन का लगभग सारा हिस्सा हथिया लिया था। अब उसने बचे हुए गाजा पट्टी पर भी हमले शुरू कर दिए और एक तरह से फिलिस्तीन का नामोनिशान मिटाने पर तुला है। हमास पर काबू पाने के बाद उसने लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हूती विद्रोहियों को नेस्तनाबूद करने की कोशिशें तेज कर दी।सब जानते हैं कि हमास, हिजबुल्लाह और हूती– तीनों संगठनों को ईरान ने पाला–पोसा है। इजराइल इन्हें आतंकी संगठन बताता है, जबकि ईरान उन्हें स्वतंत्रता सेनानी कहता है। जैसा कि इजराइल के रुख से जाहिर है, वह अपने विरुद्ध उठने वाले किसी भी कदम को सख्ती से कुचलने को प्रतिबद्ध है। इसकी खुली चेतावनी भी वह दे चुका है। कुछ दिनों पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान की जनता को सीधे संबोधित करते हुए वहां के शाह के खिलाफ उन्हें भड़काने की भी कोशिश की थी। अगर इजराइल और ईरान में संघर्ष बढ़ता है, तो इसके कई घातक परिणाम देखने को मिल सकते हैं।इन हालात में भारत संतुलन बनाकर चल रहा है। भारत के संबंध अमेरिका और इजराइल से बहुत अच्छे हैं, तो ईरान और रूस से भी रणनीतिक संबंध हैं। दो दिन पहले प्रधानमंत्री ने इजराइल के प्रधानमंत्री से फोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में शांति बहाली और बंधकों की सुरक्षित रिहाई की अपील की थी। मगर ईरान के हमले के बाद स्थिति बदल गई है। हालांकि ऐसी स्थितियों में दुनिया की नजर भारत पर बनी रहती है और उम्मीद की जाती है कि वह मध्यस्थता कर युद्धविराम का रास्ता तैयार कर सकता है। रूस–यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए भारत लगातार प्रयास करता भी रहा है। मगर इजराइल के मामले में यह काम थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया है। इजराइल अपनी जिद पर अड़ा हुआ है और अब ईरान ने उसे चुनौती दे दी है। इस संघर्ष को और बढ़ने से रोकने का रास्ता फिलहाल इजराइल और अमेरिका को ही निकालना है।

# देश का हर नागरिक बने स्वच्छता मिशन का हिस्सा: टम्टा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देश के हर नागरिक को स्वच्छता मिशन का हिस्सा बनकर देश को सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। राष्ट्रपिता महांत्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर नगर निगम सभागार में स्वच्छता अभियान में प्रदेश वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए यह बात केन्द्रीय राज्यमंत्री सडक परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग अजय टम्टा द्वारा कही गई। नगर निगम सभागार में केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री टम्टा ने सत्य–अहिंसा के पुजारी जननायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल पहले 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के खास मौके पर स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी और आज इस मिशन को 10 साल पूरे हो गए हैं। उन्होने कहा भारत स्वच्छ रहे सुन्दर रहे इसमें प्रत्येक व्यक्ति कीभागीदारी के कारण ही आज हम इस मुकाम पर पहुचे हैं। आज देश में शत प्रतिशत सभी के पास शौचालय है। यह भी स्वच्छ भारत मिशन की एक अहम कडी है। मंत्री ने सभी लोगों को इस अभियान में शामिल होने का आह्वान करके स्वच्छताअभियान एक राष्ट्रीय




आंदोलन का रूप ले चुका है। स्वच्छ भारत अभियान के संदेश ने लोगों के अंदर उत्तरदायित्व की एक अनुभूति जगा दी है। अब जबकि नागरिक पूरे देश में स्वच्छता के कामों में सक्रिय रूप से सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत एक 'जन–आंदोलन' का रूप ले चुका है क्योंकि इसे जनता का अपार समर्थन मिला है। कार्यक्रम में स्वच्छता ग्रीन रेटिंग प्रणाली के अन्तर्गत जनपद के होटल एवं होम स्टे स्वामियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमे त्रिशूल पार्वती होम स्टे, देव दीप होम स्टे, अशोका नैनी रिसोर्ट, क्रास विन्द होम स्टे, त्रिशुल ऑचर्ड रिसोर्ट, सिलिंग आचर्ड तथा अशोका टाइगर ट्रेल रिसोर्ट शामिल हैं।स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मल्ला निगलाट, गेठिया, शशबनी, फत्ताबंगर, मनकंठपुर, जमराडी, दाडिमा तथा कानियां ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता चन्दन नयाल, बीना गुसाई तथा दयमंती बिष्ट को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, विधायक एवं पूर्व मंत्री बंशीधर भगत, दर्जा राज्यमंत्री डा. अनिल कूपर डब्बू, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, ब्लाक प्रमुख रूपा देवी, निर्वतमान मेयर डा. जोगेन्द्रर पाल सिंह रौतेला, पूर्व राज्यमंत्री अजय राजौर के साथ ही नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# किच्छा में बेहड़ ने किया रामलीला मंचन का शुभारम्भ

किच्छा(उद संवाददाता)। नव युवक कला केंद्र द्वारा आयोजित नगर की ऐतिहासिक रामलीला का उद्घाटन विधायक तिलक राज बेहड़ ने फीता काटकर किया। रामलीला के प्रथम दिन नारद मोह से लेकर रावण वेदवती संवाद तक की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोचारण के बीच पंडित नगद शर्मा ने भगवान गणेश के स्वरूप के साथ मुख्य अतिथि के द्वारा पूजा अर्चना कराई और लीला का सुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तिलक राज बेहड़ ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा रामलीला ग्राउंड तथा स्टेज की भव्यता को बनाए जाने हेतु 10 लख रुपए की अनुदान राशि की घोषणा की है जिसका कार्य शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आशीर्वाद से जनता द्वारा क्षेत्र का



विधायक चुनने के बाद क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। प्रभु के आशीर्वाद के बगैर इस संसार में प्रत्येक प्राणी कुछ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि उनका पूरा परिवार हमेशा राम भक्त के रूप में जाना जाता रहा है और जाना जाता रहेगा। उनके पुत्रों द्वारा एवं अब उनके पोत्रों द्वारा राम जी की लीला के लिए अभिनय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नव युवक कला केंद्र के सदस्यों द्वारा उन्हें कई समस्याओं से अवगत कराया गया है जिसका भी शीघ्र ही समाधान करने का प्रयास करेंगे।इस मौके पर रामलीला कमेटी ने मुख्य अतिथि विधायक तिलक राज बेहड को भगवान राम की प्रतिमा भेट की गयी।इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, संरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ,डब्बू अग्रवाल, अनुज सक्सेना, अंशुल गंगवार, रिंकल गुप्ता, दुलीचंद चांगल, विकास दावड़ा, मनोज गुप्ता, हरीश सक्सेना, शेखर पांडे, कुंज बिहारी, ओम प्रकाश पप्पू, सुनीता कश्यप, गुलशन सिंधी, जगरूप गोल्डी, सुनील कुमार सिंह, दलजीत कक्कड़, परमजीत पम्मी, गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिविर में बीस लोगों ने किया रक्तदान

बाजपुर(उद संवाददाता)।राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस और महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक बाजपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन




किया गया। कैंप का शुभारंभ बाजपुर सीएमएस डाक्टर पीडी गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर किसान नेता विजेंद्र सिंह डोगरा, सरदार अजीत प्रताप सिंह रंधावा, सरदार जगतार सिंह बाजवा, विजय शर्मा, महेश मित्तल, आदि नेदीपक शर्मा, सरताज मसूरी, गोविंद लखविंदर सिंह नागी, सरदार सुख चौन सिंह, मुकेश भर्तृवाल, नितेश कुमार, पंकज कुमार, मिठाई लाल, अतुल सक्सेना, मोहम्मद रफीक आदि ने रक्तदान किया। कुल 20 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। ब्लड बैंक के डायरेक्टर डॉ एस दीक्षित द्वारा सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया और विजय शर्मा द्वारा सभी को एक–एक पौधा दिया गया। रक्तदाता दिवस पर डॉ सौरभ परमार द्वारा जनता को जागरुक करते हुए हेपेटाइटिस बी ,सी, एचआईवी सिफीलिस जैसी बीमारियों से बचने का आह्वान किया। बाजपुर क्षेत्र में हेपेटाइटिस सी , हेपेटाइटिस बी तेजी से बढ़ने पर इस विषय पर गंभीर चिंतन भी किया गया और वक्ताओं ने अपने–आप ने विचार प्रस्तुत किये, अनऑथराइज्ड पैथोलॉजी लैब, अनऑथराइज्ड हॉस्पिटल इस बीमारी को बढ़ाने में सहायक है जनता को जागरुक करते हुए इसे बचाने का आह्वान किया गया। डॉ गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा यह एक चिंतन का विषय है, समाज को जागरूक होना पड़ेगा अन्यथा आने वाली आने वाली नस्लों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस अवसर पर विशेष शर्मा, मोहम्मद दानिश मोहम्मद आसिफ, अभय परमार आदि लोग उपस्थित थे ।

# आवास विकास में राम जन्म की लीला का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री शिव पार्वती रामलीला आवास विकास में द्वितीय दिन प्रभु श्री राम के जन्म के साथ रामलीला का मंचन प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम राजा दशरथ का दरबार लगाया गया जहाँ राजा दशरथ के आग्रह पर ऋषियों द्वारा हवन किया गया जिसके पश्चात प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न का जन्म हुआ उसके उपरांत भव्य रूप से भक्तों ने नाच गा कर प्रभु श्रीराम जी के जन्म का उत्सव मनाया, जिसके बाद एक से बढ़कर के रामलीला के कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसने भक्तो को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला का मुख्य आकर्षण श्री राम का जन्म व खर मस्तियाँ रही। द्वितीय दिन की इस रामलीला के मुख्य अतिथि अशोक भुसरी रहे। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रमन छाबड़ा, महामंत्री संत



लाल हुडिया, कोषाध्यक्ष राज गुम्बर, महावीर दल के अध्यक्ष बंटी छाबड़ा, पंडित राजन शर्मा, आकाश कोचर, मनोज गुम्बर, हरीश रल्हन, नीरज गुम्बर, गोलू कालरा, विकास तनेजा, दीपक बेहड़, बंटी भुड्डी, रिंकू शर्मा, किशन गुप्ता, विप्लव कुमार, सचिन गुप्ता, रिजवान अली, अंकित मदान, मोहित अरोरा, शुभम चावला, कमल मिगलानी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पोषण माह के समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विकास परियोजना की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना की सीडीपीओ आशा नेगी ने कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की




सराहना की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ती प्रोनोति विश्वास, नीता डे सहित कई कार्यकर्तियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुपरवाईजर प्रभा आर्या, खष्टी आर्या, सुधा, रीता, यशोदा कार्की, आंचल आदि मौजूद थे।

# पुरोहित मोहन पांडेय का निधन

शांतिपुरी(उद संवाददाता)।जवाहर नगर में रहने वाले कुल पुरोहित मोहन पांडेय का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मोहन पांडेय भरा पूरा परिवार पत्नी सहित पुत्र विनोद पांडेय, हेम पांडेय व पुत्री ललित पन्त को छोड़कर चले गए । जैसे ही उनके निधन का समाचार लोगों को मिला तो सैकड़ों लोग शोक व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंचे। रानीबाग चित्राशिला में गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर डॉ गणेश उपाध्याय , मोहन पांडे, रमेश लोहनी,देवी दत्त उपाध्याय, बच्चे सिंह धामी ,मुनीम पांडे ,हेम पांडे दिग्विजय खाती, गणेश जोशी, प्रभाकर जोशी ,मनोज पांडेय, दिनेश कांडपाल, ललित कांडपाल ,हरीश पांडे, देवी दत्त कुनियाल आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# राजेन्द्र कालड़ा के निधन पर शोक जताया

रूद्रपुर। नरेश कुमार सेठ कर परामर्श दाता के कार्यालय पर एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें समाज सेवी राजेन्द्र कालड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया व दो मिनट का मौन रख ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जगदीश छाबड़ा ने कहा कि स्व. राजेन्द्र कालड़ा एक मेहनती न साहसी व्यक्ति थे। वह आजाद नगर से पढ़ने के लिए रुद्रपुर आते थे। शोक व्यक्त करने वालों में जगदीश छाबडा, कस्तूरीलाल तागरा, सुभाष छावडा, मान सिंह ग्रोवर, नरेश सेठ, बॉबी टुटेजा, प्राण ठक्कर, नरेश छाबड़ा, मनोहर लाल मिगलानी, नरेन्द्र कुमार, सुरेश मदान, वीरेन्द्र सुखीजा, वीनू गुम्बर, वेद प्रकाश शर्मा, वेद प्रकाश खुराना आदि उपस्थित थे।

# गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गांधी जयंती के अवसर आगनबाड़ी केन्द्र में गाधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को कपड़े के थैले भी बांटे गये



और सभी से पॉलीथीन का प्रयोग बंद करने की अपील की गयी। ट्रांजिट कैम्प दुर्गा मन्दिर प्रांगण में सफाई अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर प्रोन्नोति विश्वास,संगीता निषाद, सुशीला पाल, भारती मण्डल , गीता वैद्य, सुनीता जैनी, चम्पा सरकार सहित अनेक कार्यकत्री उपस्थित थे।

# रंगारंग कार्यक्रमों संग पीएसी मेले का समापन

## लक्की ड्रा के विजेताओं स्कूटी, टीवी, फ्रिज आदि पुरस्कार बांटे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी के 54वां स्थापना दिवस का गत रात्रि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं के साथ ही लक्की ड्रा के विजेताओं को पुरस्कार बांट कर धूम-धाम से समापन किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले, खिलौनों, फिरोजाबाद की चूड़ियां, महिला साज-सज्जा सामग्री, पहाड़ी दालें, लकडी से बनी वस्तुएं, खुर्जा का सामान, पिलखवा की चादरें, मेरठ के स्पोर्ट्स का सामना, खाद्य सामग्री, स्वादिष्ट पकवान, वस्त्रों आदि के स्टाल लगाये गये। मेले के अंतिम दिवस पर वाहिनी आर्केस्ट्रा टीम एवं वाहिनी की महिला पुलिस कर्मियों/ पुलिस मार्डन स्कूल के बच्चों द्वारा किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेला परिसर के माहौल को और भी संगीतमय व मनमोहक बना दिया। जिसकी सभी के द्वारा बहुत प्रशंसा की गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को पुरूस्कार वितरण किये गये। जिसके उपरान्त मेले का मुख्य आकर्षण रहे लक्की ड्रा द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमे प्रथम पुरस्कार स्कूटी एपीसी नरेन्द्र सिंह कन्याल, 31पीएसी को, द्वितीय एलईडी टीवी हेका. हेमन्त सिंह, 31पीएसी को, तृतीय फ्रिज कांस्टेबल आदित्य कुमार, 31पीएसी को, चतुर्थ वॉशिंग मशीन हेकानि. अमित कुमार, 31पीएसी को, पंचम टैबलेट कास्टेबल दीप चन्द्र, 31पीएसी को मिला। इसके साथ ही अन्य सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर सेनानायक प्रीति प्रियदर्शिनी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही उनके परिजनों को कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से हर कठिन कार्य भी आसानी से पूरा किया जा सकता है। समापन अवसर पर उन्होंने सभी को 31वीं वाहिनी पीएसी के 54वां स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, तपेश कुमार चन्द्र, सहायक सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी, वाहिनी के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।





# प्रमाण पत्र वितरण के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति द्वारा प्रीत विहार फाजलपुर महरौला वार्ड नंबर 25 में बेरोजगार महिलाओं के लिए आयोजित 21 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमाण पत्र वितरण के साथ समापन हुआ। समापन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उद्योग केंद्र के सीएस नेगी, पूर्व पार्षद बबलू सागर, अध्यक्ष नन्ही दुनिया सोशल वेलफेयर सोसाइटी गुंजन पवार, श्रीमती यश यादव, अर्जुन सक्सेना, संदीप पांडे ने प्रमाण पत्र वितरित किये। इस ट्रेनिंग में लगभग 30 से 40 महिलाओं को 21 दिवसीय उद्यमिता विकास के अंतर्गत सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान रिंकी, सपना बसेरा, मीनाक्षी अग्रवाल, निशा कोली, शीतल कोली, रीना कोली, ज्योति कोली, रंजीत कोहली, सुखबीर, रणजीत कौर, शीतल कोली, लक्ष्मी कोली, कविता सरकार, उषा सरकार, पिंकी, रोशनी कोली, गुंजन, सीता, ज्योति, गौतम रंजन, नेहा, पलक, खुशी, सपना, सरोज आदि को प्रमाण पत्र दिये गये। अंत में संस्था के सचिव उमेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# धूमधाम से मनाई गांधी जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्लूमिंग डेल्स मार्डन स्कूल में गॉधी जयन्ती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर विजय गिरधर, मैनेजर श्रीमती नीलम धन्जू, प्रधानाचार्य पंकज लोहनी, उप प्रधानाचार्य श्रीमती मृदुला गिरधर के कर कमलों से महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प समर्पित किया गया। इस अवसर पर अमित अग्रवाल, श्रीमती जसविन्दर कौर, श्रीमती गीता आनन्द और समस्त कार्यरत प्रबुद्ध अध्यापक, अध्यापिकाओं तथा अध्ययनरत छात्र, छात्राओं के सम्मुख विद्यालय के प्रधानाचार्य ने गांधी जयन्ती और लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे मे अवगत कराया। सत्य अहिंसा पर आधारित बापू के आन्दोलन के चलते अंग्रेंजों की भारत पर से पकड़ ढीली होती चली गई। अपने शब्दों को विराम देते हुए, अंत मे कार्यक्रम का समापन करके पुन: बधाई देकर, मिष्ठान वितरण किया।



# गांव की समस्याओं पर की चर्चा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सक्षम पंचायत, विकसित भारत के तहत ग्राम पंचायत सुरेन्द्र नगर के हुलो ग्राम के प्राथमिक स्कूल में गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया सबसे पहले ग्राम प्रधान राजा हालदार और वरिष्ठ नागरिकों एवं अध्यापकों द्वारा झंडा रोहण किया गया और गांधी जी के जीवन पर रोशनी डाली गई। इसके बाद ग्राम सभा की बैठक हुई जिसमें पुरुषों और महिलाओं द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई जैसे कि पंचायत में शिक्षा का स्तर और सुधरे खास तौर से भाषा और गणित पर विशेष जोर रहे इसके साथ ही पेयजल की सप्लाई सुचारू हो स्वास्थ्य, पोषण व्यवस्था भी ठीक हो तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हों महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति का मुद्दा उठाया गया साथ ही वरिष्ठ नागरिकों ने पौधा रोपण किया एवं उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किये। इस कार्यकर्म में पिरामल फाउन्डेशन से शुऐब अहमद ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, प्रधानाचार्य, अध्यापक उपस्थित रहे।



# मां ज्वाला जी की जोत को भक्ति भाव से किया विराजमान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मां ज्वाला जी से लाई गई मां की पावन ज्योति दुर्गा मंदिर से घंटाघर मनोकामेश्वर मंदिर में भक्तों के दर्शनों के लिए विराजमान की गई। माता की पावन ज्योति को श्रद्धाभव के साथ स्थापित किया गया और भजन कीर्तन के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान पूरनचंद अरोड़ा, पंडित महेश चंद शर्मा, राजकुमार सीकरी, मनोज कक्कड़ आदि भक्त



## पेज एक का शेष...

**शारदीय नवरात्र के** ..आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टाल लगे हुए हैं। **काशीपुर**- शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने को क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस वर्ष 11 अक्टूबर शुक्रवार को अष्टमी और महानवमी का व्रत एक साथ होगा। 12 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी। बता दें कि प्रतिवर्ष की बात इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर चैती मेला मैदान स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर, गिरीताल रोड स्थित चामुंडा देवी मंदिर, खड़कपुर देवीपुरा स्थित खोखरा देवी मंदिर, माता मंदिर रोड स्थित मां शीतला देवी मंदिर, मोहल्ला डॉक्टर लाइन स्थित मां मनसा देवी मंदिर, चौराहे वाली मां माता मंदिर, गायत्री देवी मंदिर समेत क्षेत्र की तमाम शक्तिपीठों में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने को लेकर गुरुवार सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां के प्रथम स्वरूप की पूजा अर्चना करते हुए परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दिन मां दुर्गा के उपासकों ने घरों में कलश स्थापना कर उपवास रखा। नवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के तमाम स्थानों पर धार्मिक आयोजन भी कराया जा रहे हैं। धर्म ग्रंथो में कलश स्थापना का विशेष महत्व बताया गया है। कलश में ब्रह्मा विष्णु रूद्र नवग्रह सभी नदियों सागरों सात द्वीपों समेत अन्य देवी देवताओं का वास माना जाता है। मान्यता है कि पर्वत राज हिमालय की पुत्री मां शैलपुत्री को घी का भोग लगाने से सभी व्याधियों दूर हो जाती हैं और आरोग्य का आशीर्वाद मिलता है।

56 **साल बाद घर पहुंचा**..गए, जहां पर शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम शव यात्रा में हजारों लोगों ने पहुंचकर शहीद के सम्मान में नारे लगाये। बाद में पैतृक घाट पर बलिदानी की सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गयी। ग्राम पंचायत कोलपुड़ी के प्रधान जयबीर सिंह बिष्ट ने बताया कि उनके ताऊ नारायण सिंह का विवाह वर्ष 1962 में बसंती देवी के साथ हुआ था। सेवाकाल के दौरान उनका गांव आना साल में सिर्फ एक ही बार होता था। जब कई साल तक नारायण सिंह घर नहीं आए तो एक दिन डाक तार के माध्यम से सूचना मिली कि वह विमान दुर्घटना में लापता हो गए हैं। इसके बाद उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। बताया कि वर्ष 2011 में उनकी पत्नी बसंती देवी का भी निधन हो गया। बता दें गौरतलब है कि सात फरवरी 1968 को वायुसेना के विमान ने चंडीगढ़ से लेह के लिए उड़ान भरी थी। लेह मे मौसम खराब होने के कारण यह विमान वापस लौट गया। इस बीच हिमाचल प्रदेश के रोहतांग रेंज के अंतर्गत ढाका ग्लेशियर में विमान दुघर्टनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद विमान और इसमें सवार 102 लोगों का कुछ अता-पता नहीं चल सका।वर्ष 2003 में अटल बिहारी बाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के पर्वतारोही दल ने लाहौल-स्पीति जिले में मलबे में दबे अवशेष खोजने शुरू किए। कुछ दिन पहले डोगरा स्काउट व तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू के संयुक्त दल को इस बर्फीले मलबे से जवान नारायण सिंह समेत चार और लोगों के अवशेष मिले।

**प्रीपेड मीटर लगाने के** ...तरफ विद्युत वितरण व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर थोपने का काम किया जा रहा है। श्री गावा ने कहा कि सरकार जनता के साथ दोहरी नीति अपनाकर जनता को लूटने का प्रयास कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी सूरत में शहर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिये जायेंगे। इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को दोनों हाथों से लूटने का काम कर रही है। पहले बिजली के दाम बढ़ाये गये अब प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाकर जनता का जीना दूभर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से आम लोगों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशानी उठानी पड़ेगी। स्मार्ट विद्युत मीटर लगने से बिजली के बिलों में भारी इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में अधिकांश लोग नजूल भूमि पर निवास करते हैं और गरीब परिवारों के हैं। ऐसे लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाना सरासर अन्याय है। महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि महंगाई के चलते आम आदमी की रसोई का बजट पहले ही बिगड़ा हुआ है। अब विद्युत वितरण व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपकर जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबानी जैसे धन्नासेठों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार स्मार्ट मीटर लगवा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक नहीं लगायी गयी तो प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। कांग्रेसजनों ने उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन के एमडी को ज्ञापन भेजकर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तुरंत बंद करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों मे सौरभ चिलाना, मीना शर्मा,अनिल शर्मा, मोहन खेड़ा, मोनिका ढाली, प्रीति साना, मनोज कुमार सिंह, राम कृष्ण सैनी, सपना गिल, अंकित सैनी, सुदर्शन प्रजापति, अरशद खां, उमर अली, नदीम खां, सुहेल खां, अनिल साहनी, स्वामी आधार श्रीवास्तव, राकेश कोली, काजल चौहान, हरि राम राजपूत, सुरेश यादव, संजीव राठौर, मोहन कुमार, राजेश कुमार, जयदेव मिस्त्री, अशफाक अंसारी आदि मौजूद थे।

**कमिश्नर ने लिया**..लाई जा सके। इसके अलावा उन्होंने नैनीताल रोड के सौंदर्यीकरण के लिए दोनों तरफ सरकारी भवनों की दीवारों में बेलदार पुष्प लगाए जाने के निर्देश भी दिये। साथ ही कमिश्नर ने नैनीताल रोड स्थित विभिन्न विभागों में जाकर निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर दीपक रावत जल निगम के ऑफिस गए। इस दौरान चार कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। वहीं मुख्य अभियंता भी अपने ऑफिस में नहीं मिले। जिस पर कमिश्नर दीपक रावत ने मुख्य अभियंता का स्पष्टीकरण मांगा है और अनुपस्थित चार कर्मचारी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा कहा गया था कि सभी विभागों के कार्यालय में बेलदार पुष्प लगा दिए गए हैं जबकि ऐसा नहीं पाया गया, इसके अलावा उनके द्वारा अधिकारियों को सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया सड़क चौड़ीकरण के कार्य में पोल शिफ्टिंग का समय पर होना बहुत जरूरी है। प्राधिकरण द्वारा लगाया जा रहे बेलदार पौधे शहर की शोभा को बढ़ाएंगे, नैनीताल रोड पर सभी सरकारी कार्यालय और लोगों के बीच निजी भवन में भी उनकी मंजूरी से बेलदार पौधे लगाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल , सिटी मजिस्ट्रेट ।च बाजपेई, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**मांगों को लेकर**...श्रमिकों को बताया कि बिना अनुमति यहां पर धरना प्रदर्शन करना कानून के खिलाफ है ऐसा करने पर सभी को गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने कानून का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि या तो सभी यहां से चले जायें या सभी अपनी गिरफ्तारी दे दें। यदि गिरफ्तारी दी तो मुकदमा दर्ज किया जाायेगा और फिर भविष्य में कहीं पर भी नौकरी नहीं कर पाओगी। अगर आन्दोलन करना है तो निधारित स्थान पर ही करें। उन्होंने कहा कि जब फैक्ट्री प्रबंधन सभी को काम पर रखने को राजी है तो फिर आन्दोलन करने का कोई औचित्य नहीं है। काफी देर तक पुलिस अधिकारी महिला श्रमिकों को समझाते रहे। जिसके बाद महिला श्रमिक वहां से रवाना हो गईं। इस दौरान सुनीता, पार्वती, प्रेमवती, नंदी देवी, रेश्मा, प्रीती देवी, राम श्री, विमला, संजू देवी, मीता, लक्ष्मी देवी, राजकुमारी, इन्द्रजीत कौर, रजनी, मीना, नीरजा, शिववती सहित तमाम महिला श्रमिक मौजूद रहीं।

**देवभूमि रक्षा मंच**...उत्तराखंड में हिन्दुओं का उत्पीड़न कर पुलिस डेमोग्राफी परिर्वतन करने में मुख्य भूमिका निभा रही है। पुतला फूंकने वालों में जिला संयोजक कमलेश तिवारी, सह संयोजक रेनू जुनेजा, गीता रानी, हरप्रीत सिंह, गुरबाज सिंह, सागर रावत, उदय सोरठी, विपिन, अमरजीत, हिमांशु गंगवार, राहुल राठौर आदि शामिल थे।

**छत से गिरकर**...के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक नरेश की एक लड़की और तीन बेटे हैं। एसआई विजय कुमार ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**ट्रेन की चपेट**..उसकी मृत्यु हो गई। रेलवे पुलिस एवं ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस बल ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया तथा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।उन्होंने बताया कि हादसा किस वजह से हुआ इसकी अभी है पूर्ण जानकारी नहीं हो पाई है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

**महिला अधिवक्ता**..संपत्ति में हिस्सा देने को तैयार नहीं है। कलयुगी पिता पुत्र अपनी ही पत्नी तथा बहन के आचरण एवं चरित्र पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पंडित पक्ष की मां बेटी का आरोप है कि उसके भाई भाभी और बाप अपराधियों की संगत में है। वह कभी भी निज स्वार्थ के चक्कर में गंभीर अपराध घटित कर सकते हैं।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# प्रधानमंत्री के पास ले जाऊंगा कूड़े के पहाड़ की सफायी की नई तस्वीरें : भट्ट

## सांसद अजय भट्ट ने गांधी जयंती पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह व नगर निगम की पूरी टीम को सम्मानित कर दी बधाई





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर पहाड़गंज स्थित पूर्व ट्रंचिंग ग्राउंड में नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व रक्षा रज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर सभी को शुभकामना व बधाई दी। श्री भट्ट ने कहा कि लगभग 1 लाख टन के लिए जिलाधिकारी उदय राज सिंह व उनके पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जो स्वच्छ भारत मिशन का नारा दिया है, यह उसका सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होने बताया कि जहां से लोग निकल नहीं पाते थे, लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया था उनको लगता था कि अब इसी कूडे के बीच में जिंदगी बीतेगी आज उसी स्थान पर हम सब का कर्तव्य है, यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हमारे आस-पास का पर्यावरण दूषित न होने पाये और हम सब एक स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकें। उन्होने कहा कि हमारी सरकार सभी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अभूतपूर्व कार्य किये है जिसके अन्तर्गत किच्छा में एम्स का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है जो शीघ्र ही क्षेत्र की जनता को सुविधा देने के लिए तैयार हो जायेगा। उन्होने कहा विधायक किच्छा तिलक राज बेहड़ ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बधाई देते हुए दोनों महापुरूषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरूषों ने हमे जो प्रेरणा दी है उससे हमे सीख लेते हुए अपने कार्यों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होने कहा कि ट्रंचिंग ग्राउण्ड के कूडे का निस्तारण कर यहां है। उन्होने कहा कि हमारे अधिकारियों व उनकी पूरी टीम जो बहुत बेहतर कार्य किया है जिसके लिए वे सब बधाई के पात्र है। उन्होने कहा कि एक प्रशासक के रूप में काफी चुनौतियां थी जो सभी के सहयोग से सफल हुआ। निर्वतमान मेयर रामपाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर वृक्षा रोपण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य बैगुल नदी की तली झाड़ साफ-सफाई में उत्तम कार्य किये जाने पर नरेन्द्र सिंह सोलंकी एवं पर्यावरण मित्र मनोज, राजू, रंजीत, प्रीतम, एवं सुदेश व पर्यावरण प्रेक्षक मुकेश, सुनिल, कालीचरण, सुरेश एवं सुरज को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पूर्व विधायक किच्छा राजेश शुक्ला, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र







और 30 फीट ऊँचे कूड़े के ढेर का निस्तारण कर जो आज यहां सुन्दर वातावरण बनाया गया है जिसमें हम सब आज यहां बैठे है यह देश के इतिहास में स्वच्छता के प्रति संकल्प को पूरा करने का सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होने कहा कि जो सबको लगता था कि असम्भव है उसे हमारी सरकार ने और यहां के प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवी संगठनों ने टीम भावना के साथ कार्य कर इस असम्भव कार्य को सम्भव कर दिखाया। उन्होने इस कार्य इतना सुन्दर अयोजन कर रहें हैं जो किसी सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस स्थान को लेकर सरकार की जो प्लानिंग है वह बहुत ही अद्भुत है। इस स्थान को शहर का सबसे सुन्दर स्थान बनाने की योजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से शहर का सबसे बड़ ग्रीन बेल्ट भी इसी स्थान पर बनाया जायेगा। श्री भट्ट ने कहा कि पर्यावरण की साफ-सफाई किसी एक व्यक्ति की नही बल्कि प्रत्येक नागरिक कि बहुत जल्द कुमाऊँ में एक कैथ लैब की शुरूआत की जायेगी जिसके लिए हमारी सरकार तेजी से कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि इतनी सुविधाओं के बाद यहां की जनता को दिल्ली देहरादून जाने की आवश्यकता नही पडेगी और गम्भीर मरीजों का तत्काल उपचार सम्भव हो सकेगा। उन्होने कहा कि में आज इस कार्यक्रम के स्थल की पुरानी तस्वीरें और अब की नई तस्वीरें प्रधानमंत्री के पास ले जाऊंगा ताकि इस बेहतरीन कार्य का उदाहरण पूरे विश्व में जाना जाये। के प्रशासन ने अभूवपूर्व कार्य किया है इसके लिए मै मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का आभार व्यक्त किया एवं जिलाधिकारी उदय राज सिंह एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। इस दौरान श्री बेहड़ ने कूड़ा निस्तारित करने पर जिलाधिकारी का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कहा कि आज का यह दिन हमसब को यह संदेश देता है कि यदि हम सब ठान ले कि किसी कार्य को करना है तो कोई भी कार्य असम्भव नही अतिथि द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत बलवंत सिंह पांडा, गौर दत्त, प्रेम शंकर, हेमराज व धर्मेन्द्र को 50-50 हजार रूपये का चौक एवं ओम शांति स्वयं सहायता समूह को दौ लाख रूपये का चौक वितरित किया गया। स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत आयोजित विशेष रैली में प्रतिभाग किये गये विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों, नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग करने वाले पेंशनर्स सीनियर सिटिजन, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर निगम रूद्रपुर बड़े नाले कल्याणी नदी व दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, अनिल चौहान, योगेश वर्मा, विपिन जल्होत्रा, धनश्याम श्यामपुरिया, अरूण अग्रवाल, गुरमीत सिंह, अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन दिवाकर पांडे, सचिव निर्मला मेहता, शिव कुवर सिंह, भुवन गुप्ता, शालूपाल, निमित शर्मा, मोहन खेड़ा, आयुष चिलाना, बब्लुपाल, सुशील चौहान आदि मौजूद थे।

# विभिन्न विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी ,निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर। स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी/निबंध/चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी। जिसके अन्तर्गत बालिका विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल जगतपुरा में जूनियर वर्ग में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में दिव्या बोहरा को प्रथम, रोशनी को द्वितीय, अरूण प्रजापति को तृतीय, जनता इंटर कालेज रूद्रपुर में स्वच्छता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 12 के चन्द्र प्रकाश को प्रथम, अरूण कुमार मिश्रा को द्वितीय, कक्षा 10 के अर्पित गंगवार को तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10 के अनिकेत प्रजापति को प्रथम, कक्षा 9 के अनुकल्प तिवारी को द्वितीय, कक्षा 10 के दक्ष रस्तोगी को तृतीय व चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 12 की प्रियंका राठौर को प्रथम, कक्षा 8 की रिया सिकदार को द्वितीय, इशिका रस्तोगी को तृतीय, राइका बालिका इंटर कालेज फाजलपुर मैहरोला में चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 10 की पिंकी को प्रथम, कक्षा 12 की अनु को द्वितीय, प्रीति को तृतीय, सरस्वती विद्या मंदिर रूद्रपुर में जूनियर वर्ग के निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 8 की नितिका को प्रथम, कक्षा 7 की मानसी डसीला को द्वितीय, जागृति को तृतीय व सीनियर वर्ग के निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 9 की अदिति अग्रवाल को प्रथम, कक्षा 10 की आकांक्षा कौशिक को द्वितीय व हिमांशु राठौर का तृतीय, चित्रकला कला प्रतियोगिता में कक्षा 8 के आदर्श कुमार को प्रथम, कक्षा 10 के अक्षत गोयल को द्वितीय व आयुष को तृतीय, गुरूनानक कन्या इंटर कालेज रूद्रपुर के निबंध



प्रतियोगिता में कक्षा 12 की सिमरन श्रीवास्तव को प्रथम, डविना कौर को द्वितीय व छवि को तृतीय, चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 12 की संज्ञा त्रिपाठी को प्रथम, गीता को द्वितीय, कक्षा 8 की वैष्णवी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

